# रिपोर्ट

# स्वच्छता पखवाड़े के अन्तर्गत 'हैंड वॉश डे' का आयोजन

श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज गोंडा में एनसीसी इकाई द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़े के अन्तर्गत आज दिनांक 09.12.2019 को हैंड वॉश डे मनाया गया और हाथों की सफाई के प्रति एनसीसी कैडेट्स और छात्र छात्राओं को जागरूक किया गया।

इसके अन्तर्गत महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ वंदना सारस्वत के नेतृत्व में एनसीसी कैडेट्स ने हैंडवाश का उपयोग करके महाविद्यालय के छात्र छात्राओं को जागरूक किया। प्राचार्य महोदया ने छात्र छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि अच्छी तरह से हाथों को धुलकर ही भोजन करना चाहिए, जिससे कि हम विभिन्न प्रकार की बीमारियों से बच सकते हैं।

एनसीसी इकाई के कंपनी कमांडर मेजर डॉ के एन पाण्डेय ने बताया कि हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छता का संकल्प लिया है, वह बहुत ही लाभप्रद है। वे स्वयं भी इसके लिए समय समय पर जागरूकता संदेश एवं क्रियाकलाप करते रहते हैं। महाविद्यालय के मुख्य नियंता डॉ जितेंद्र सिंह ने व्यक्तिगत साफ सफाई से स्वास्थ्य लाभ की विभिन्न बातों को बताया। रक्षा अध्ययन विभाग के सहायक आचार्य अमित कुमार शुक्ल ने हैंड वॉश करने के विभिन्न स्टेप के बारे में विस्तार से वर्णन किया।

जय हिन्द।

**---मेजर (डॉ) के एन पाण्डेय**
**कम्पनी कमाण्डर**


राष्ट्रीय कैडेट कोर


राष्ट्रीय कैडेट कोर


राष्ट्रीय कैडेट कोर


राष्ट्रीय कैडेट कोर


राष्ट्रीय कैडेट कोर



नऊ। मंगलवार • 10 दिसम्बर • 2019 | सहारा | www.rashtriyasahara.com

# एनसीसी कैडेटों ने बतायी हैंडवॉश की उपयोगिता

**लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय में मनाया गया हैंडवॉश डे**

**गोण्डा (एसएनबी)।** लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय में स्वच्छता पखवाड़ा के अन्तर्गत हैंडवॉश डे मनाया गया। इसके अन्तर्गत महाविद्यालय की प्राचार्य डा वन्दना सारस्वत के नेतृत्व में एनसीसी कैडेटों ने हैंडवॉश का उपयोग करके महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को जागरूक किया। प्राचार्य डा वन्दना सारस्वत ने संबोधित करते हुए कहा कि अच्छी तरह से हाथों को धुलकर ही भोजन करना चाहिए, जिससे कि हम विभिन्न प्रकार की बीमारियों से बच सकते हैं।

एनसीसी इकाई के कम्पनी कमांडर मेजर डा. केएन पांडेय ने बताया कि हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वच्छता का को संकल्प लिया है, वह बहुत ही लाभप्रद है। वे स्वयं भी इसके लिए समय समय पर जागरूकता संदेश एवं क्रियाकलाप करते रहते है। महाविद्यालय के मुख्य नियंता ड जितेंद्र सिंह ने व्यक्तिगत साफ-सफाई से स्वास्थ्य लाभ की विभिन्न बातों को बताया। रक्षा अध्ययन विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर अमित कुमार शुक्ल ने हैंड वाश करने के विभिन्न स्टेप के बारे में विस्तार से वर्णन किया।

वहीं एनसीसी के स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत श्री गांधी विद्यालय इंटर कालेज रेलवे कलोनी में हैंडवॉश डे मनाया गया। सभी छात्रों एवं शिक्षकों ने भोजन से पहले साबुन से हाथ धोने का संकल्प लिया और अपने आसपास ऐसा करने के लिए कहा गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य आरसी पांडे, मुख्य नियंता हरिशंकर द्विवेदी, जगदीश त्रिपाठी, हरिराम तिवारी, श्रीमती सुमन उपस्थित रहे।



हैंडवॉश डे पर हाथ धुलवातीं एलबीएस की प्राचार्य डा वंदना सारस्वत।

---

www.jagran.com

# स्वच्छता को लेकर रहें सतर्क

**आयोजन**

- एनसीसी के स्वच्छता पखवाड़ा के तहत मनाया हाथ धुलाई दिवस
- प्राध्यापक, शिक्षक व कैडेटों ने दिए स्वच्छता के संदेश

संसू, गोंडा : राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत सोमवार को हाथ धुलाई दिवस मनाया गया। शिक्षण संस्थानों में कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्राध्यापकों, शिक्षकों, कैडेटों व छात्रों के हाथ धुले। स्वच्छता को लेकर सतर्क रहने व सावधानी बरतने की सीख दी गई।

श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज में कार्यक्रम मनाया गया। प्राचार्य डॉ. वंदना सारस्वत ने हाथ धुला। एनसीसी कैडेट व छात्र-छात्राओं को हाथ धुलने के लिए प्रोत्साहित किया। प्राचार्य ने कहा कि कई बार हाथ गंदा होता है और उसी से खाद्य पदार्थों का सेवन कर लेते हैं। इससे कई तरह की बीमारियां हो सकती हैं। स्वच्छता को लेकर सतर्क रहें। इससे बचने के लिए जरूरी है कि सही तरह से हाथ धुलकर ही खाद्य पदार्थों का सेवन करें। एनसीसी इकाई के कंपनी कमांडर मेजर डॉ. केएन पांडेय ने बताया कि प्रधानमंत्री ने स्वच्छता का संकल्प लिया है। इसके लिए जागरूकता संदेश दे रहे हैं। मुख्य नियंता डॉ. जितेंद्र सिंह ने व्यक्तिगत साफ-सफाई से स्वास्थ्य लाभ की विभिन्न बातों को बताया।

रक्षा अध्ययन विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर अमित कुमार शुक्ल ने हाथ धुलने के फायदे बताए। वहीं, गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज रेलवे कॉलोनी में हाथ धुलाई दिवस पर सुबह प्रार्थना स्थल पर शिक्षकों और छात्रों ने खाद्य सामग्रियों के सेवन व भोजन करने से पहले साबुन से अच्छी तरह हाथ धुलने का संकल्प लिया। प्रभारी प्रधानाचार्य आरसी पांडेय, हरिशंकर द्विवेदी, जगदीश त्रिपाठी, हरिराम तिवारी व सुमन मौजूद रहे।

# एलबीएस में मनाया गया `हैण्ड वाश डे'

अवध 24 ब्यूरो

गोण्डा। लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय में सोमवार को स्वच्छता पखवाड़ा के अन्तर्गत 'हैंड वाश डे' मनाया गया। इसके अन्तर्गत आज महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. वंदना सारस्वत के नेतृत्व में एनसीसी कैडेटों ने हैंड वाश का उपयोग करके महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं को जागरूक किया। प्राचार्य ने कहा कि




अच्छी तरह से हाथों को धुलकर ही भोजन करना चाहिए। इससे हम विभिन्न प्रकार की बीमारियों से बच सकते हैं। एनसीसी इकाई के कम्पनी कमांडर मेजर डॉ. केएन पांडेय ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वच्छता का जो संकल्प लिया है, वह बहुत ही लाभप्रद है। वे स्वयं भी इसके लिए समय समय पर जागरूकता संदेश एवं क्रियाकलाप करते रहते हैं। महाविद्यालय के मुख्य नियंता डॉ. जितेंद्र सिंह ने व्यक्तिगत साफ–सफाई से स्वास्थ्य लाभ की विभिन्न बातों को बताया। रक्षा अध्ययन विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर अमित कुमार शुक्ल ने हैंड वाश करने के विभिन्न स्टेप के बारे में विस्तार से वर्णन किया।

twitter https://twitter.com/Avadh24?s=03

पायनियर

# शास्त्री कालेज में आयोजित हुआ हैंडवाश डे



**गोंडा।** श्री लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय में सोमवार को स्वच्छता पखवाड़ा के अन्तर्गत हैंड वाश डे आयोजित किया गया। इसके अन्तर्गत आज महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ० वन्दना सारस्वत के नेतृत्व में एनसीसी कैडेटों ने हैंड वाश का उपयोग करके महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को जागरूक किया। इस मौके पर प्राचार्य डॉ० सारस्वत ने कहा कि सभी को अच्छे तरह से हाथों को धुलकर ही भोजन करना चाहिए। इससे हम विभिन्न प्रकार की बीमारियों से बच सकते हैं। एनसीसी इकाई के कम्पनी कमांडर मेजर डॉ० के०एन० पांडेय ने बताया कि हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वच्छता का को संकल्प लिया है, वह बहुत ही लाभप्रद है। वे स्वयं भी इसके लिए समय-समय पर जागरूकता संदेश एवं क्रिया-कलाप करते रहते हैं। वहीं महाविद्यालय के मुख्य नियंता डॉ० जितेंद्र सिंह ने व्यक्तिगत साफ-सफाई से स्वास्थ्य लाभ की विभिन्न बातों को बताया। रक्षा अध्ययन विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर अमित कुमार शुक्ल ने हैंड वाश करने के विभिन्न स्टेप के बारे में विस्तार से वर्णन किया। इस मौके पर डॉ० शैलेन्द्रनाथ मिश्र [illegible] डॉ० बीपी सिंह, डॉ० मुकुल सिन्हा, डॉ० राम समुझ सिंह [illegible] आदि मौजूद रहे।

ATTESTED

SHRI LAL BAHADUR SHASTRI DEGREE COLLEGE GONDA IQAC

Principal
Shri Lal Bahadur Shastri Degree College
Gonda

Principal
Shri Lal Bahadur Shastri Degree College
Gonda